हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार, 22 जून 2024

तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

11 जिला पुलिस ने पैतीस सौ लोगों को नशे के दुष्प्रभाव एवं बचाव के तरीके बताएं



12 योग दिवस पर जिले को मिली 3 करोड़ रुपये के पार्क एवं व्यायामशालाओं की सौगात



## खबर संक्षेप

### माजरा में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व भंडारा कल

**कुंड।** माजरा भालखी के हनुमान मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व भंडारे का आयोजन 23 जून को किया जाएगा। सरपंच रविंद्र हाथी ने बताया कि 22 जून को मंदिर में अखंड रामायण पाठ व महिला सत्संग का आयोजन किया जाएगा। अगले ही दिन सुबह हवन के साथ मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा होगी। बाद में भंडारे में प्रसाद वितरित किया जाएगा। हनुमान भक्तों से अपील की है कि वह अधिक से अधिक संख्या में भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करते हुए हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त करें।

### विक्रम विहार कॉलोनी से बाइक चोरी

**धारूहेड़ा।** विक्रम विहार कॉलोनी में एक मकान से दिन दहाड़े बाइक चोरी हो गई। पुलिस शिकायत में राजस्थान के हमीरपुर निवासी शेरसिंह ने बताया कि वह डिलीवरी ब्वाय का कार्य करता है। विक्रम विहार कॉलोनी में वह किराए के मकान में रह रहा है। उसने अपनी बाइक सुबह के समय मकान के अंदर खड़ी की थी। शाम को देखा तो उसकी बाइक नहीं मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### ट्रॉले की टक्कर से पिकअप चालक घायल

**रेवाड़ी।** कनुका मोड़ के पास एक ट्रॉले की टक्कर से पिकअप गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। उसका चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मंदोला निवासी नरेश कुमार पिकअप गाड़ी चलाता है। वह रेवाड़ी से अपने गांव की ओर जा रहा था। जैसलमेर हाइवे पर कनुका मोड़ के पास एक ट्रॉले ने पिकअप गाड़ी को टक्कर मार दी। गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। नरेश गाड़ी में ही फंस गया। आसपास के लोगों ने उसे बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद ट्रॉला चालक की तलाश शुरू कर दी।

### मारपीट व धमकी देने के दो आरोपी काबू

**बावल।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मारपीट के बाद अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर पुलिस ने 18 जून को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद बावल निवासी सुधीर और लालपुर निवासी भरत को गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### टैंकर से तेल चोरी के आरोपी भेजे जेल

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने टैंकर से तेल चोरी करने के दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। सीएम फ्लाइंग ने करनावास के पास एक बाड़े में छापा मारकर कुछ लोगों को तेल चोरी करते हुए पकड़ा था। भवाड़ी निवासी नितेश और झज्जर के आमदलपुर निवासी पृथ्वी सिंह को सीएम फ्लाइंग ने काबू करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया था। दोनों के खिलाफ चोरी और आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया था। शुक्रवार को उन्हें कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

### कंपनी की पार्किंग से बाइक उड़ाई

**कसोला।** आईएमटी में चोर एक कंपनी की पार्किंग में खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में यूपी के नगला लोधी निवासी धर्मप्रकाश ने बताया कि वह एक कंपनी में जॉब करता है। वह किराए के मकान में रह रहा है। घर से बाइक लेकर वह कंपनी में ड्यूटी पर आया था। बाइक पार्किंग में खड़ी करने के बाद वह काम पर चला गया। शाम को वापस आने पर उसे बाइक गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। कसोला पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में योगाभ्यास करते महिलाएं व बच्चे। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। खड़े होकर आसन करते अधिकारी, नेता व नागरिक। फोटो :हरिभूमि

### राव तुलाराम स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में शहर के दो हजार से अधिक लोगों ने मिलकर किया योगाभ्यास

# योग भारत देश की पुरातन विधा, जिसको दो सौ से अधिक देशों ने किया आत्मसात: लक्ष्मण सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राव तुलाराम स्टेडियम में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दो हजार से छात्र-छात्राओं, खिलाड़ियों व आम नागरिकों ने योगाभ्यास एवं प्राणायाम किया। इस अवसर पर कोसली के विधायक लक्ष्मण सिंह यादव मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीसी अनुपमा अंजलि ने की। इस मौके पर विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि योग भारत देश की एक पुरातन विधा है, जिसको आज दो सौ से अधिक देशों ने आत्मसात कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से वर्ष 2015 में यूएनओ ने 21 जून का दिन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए तय किया था, तब से लेकर आज तक भारत सहित विश्व के अनेक देशों में योग दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वसुधैव कुटुंबकम व सर्वे भवंतु सुखिन सर्वे संतु निरामया की विचारधारा का प्रसार करने वाला भारत आज दुनिया की महाशक्तियों में से एक है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारा देश तेजी से उन्नति के शिखर की ओर आगे बढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आज भारत की बात को ध्यान से सुना जाता है और महत्वपूर्ण मामलों में प्रधानमंत्री की राय ली जाती है।

कोसली विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह की अगुवाई में हरियाणा सरकार ने व्यापक स्तर पर योग दिवस का आयोजन कराया है, जिस समय प्रदेश कोविड की चपेट में था, उस वक्त योग ने ही लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बरकरार रखा था, अन्यथा बहुत सी जानें जा सकती थी। योगाभ्यास को हर एक नागरिक अपनी दिनचर्या में शामिल रहे है, जिससे वह स्वस्थ जीवन जी सकें। इससे पहले विधायक ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता डा. अरविंद यादव भी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह के संबोधन का लाइव प्रसारण भी किया गया। प्रसारित किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. दिनेश सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। योगाचार्य डा. राकेश छिल्लर, डा. युद्धवीर व पिंकी यादव ने शहरवासियों को प्रोटोकॉल के अनुसार योग व प्राणायाम का अभ्यास कराया। योग दिवस समारोह में अधिकारियो, कर्मचारियों, महिलाओं, युवाओं व बच्चों ने अनेक योग क्रियाओं का प्रदर्शन किया।

#### बच्चों ने उठाया योग का लुत्फ

राव तुलाराम स्टेडियम में अधिकारियों, कर्मचारियों, बच्चों, बुजुर्गो, महिलाओं, विद्यार्थियों व खिलाड़ियों ने योग आसनों का अभ्यास किया। इस दौरान काफी छोटे बच्चों ने अपने दादा, नाना व माता-पिता के साथ योग का आनंद लिया। जहां बच्चों के अभिभावक योगासन कर रहे थे वही बच्चों की नजर स्टेडियम में योगा कर रहे नागरिकों पर घूम रही थी। आमजन ने सूर्य नमस्कार, कपालभाति व अनुलोम-विलोम सहित खड़े होकर व बैठकर किए जाने वाले अनेक आसन किए।

#### कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

इस अवसर पर सीएमओ डा. सुरेंद्र यादव, जिला खेल अधिकारी मदनपाल सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी सत्यपाल धूपिया, डा. अशोक रंगा, नरेंद्र गुलिया इत्यादि मौजूद थे। समारोह में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, नव सृष्टि योग संस्थान, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पतंजलि योग समिति व आर्य समाज संस्थाओं के सदस्यों सहित पुलिस, खेल, आयुष, शिक्षा व स्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। मंच संचालन प्राचार्य एवं साहित्यकार सत्यवीर नाहड़िया ने किया।



रेवाड़ी। राव तुलाराम स्टेडियम में योगकला का प्रदर्शन करते बच्चे। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। योग की मुद्रा में कोसली के विधायक लक्ष्मण सिंह।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में लेटकर आसन करते हुए महिलाएं व बच्चे। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। योग ध्यान की मुद्रा में एडीसी अनुपमा अंजलि।



रेवाड़ी। ग्रामीणों को जानकारी देते हुए कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### नशा मुक्ति केंद्र ने झाड़ौदा में लगाया मेडिकल कैंप

**रेवाड़ी।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ की ओर से जिले में संचालित नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र की ओर से शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी एवं अवैद्य व्यापार दिवस के उपलक्ष्य में गांव झाड़ौदा में जागरूकता एवं मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कुमारी संदीपा मनौवैज्ञानिक ने ग्रामीणों को नशे की बुराईयों से अवगत कराते हुए इससे दूर रहने के लिए जागरूक किया तथा जो लोग नशे के आदी हैं उनकों केंद्र से निःशुल्क ईलाज कराने की जानकारी दी। इस मौके पर जोगेन्द्र सिंह परियोजना समन्वयक, पूनम यादव, ललिता यादव, भतेरी देवी, राजेन्द्र प्रसाद, सरपंच इन्द्रजीत, महेश सोनी, विजय, रामकिशन, बिल्लू, महाबीर, इन्द्र, नाहर सिंह नंबरदार, रामजीवन, श्योप्रसाद एवं मदन मौजूद थे।

# आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी से बदली आवाज परिचित बनकर बनाया ठगी का शिकार

■ पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर ठग ने धारूहेड़ा की बजरंग नगर कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी से आवाज बदलकर हजारों रुपये का चूना लगा दिया। वास्तविक परिचित को फोन करने पर ठगी का पता चला। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

पुलिस शिकायत में महेश कुमार सैनी ने बताया कि 19 जून को उसके पास एक अनजान नंबर से फोन आया था। फोन करने वाले की आवाज उसके एक परिचित से मिल रही थी। उसने फोन पर बताया कि उसका बच्चा बीमार है। वह अस्पताल में एडमिट है। उसका फोन खराब होने के कारण किसी अन्य के फोन से उसने फोन किया है। उसे 35 हजार रुपये की जरूर है। उसने एक नंबर देकर बताया कि यह डॉक्टर का नंबर है। इस नंबर पर वह पैसे ट्रांसफर कर दे। उसने एक बार 10 हजार रुपये और दूसरी आर 25 हजार रुपये उसके बताए नंबरों पर ट्रांसफर कर दिए। बाद में उसने फिर से फोन करते हुए कहा कि उसे एक लाख रुपये की जरूर है। उसने दो बार उसके पास पैसे भेजने के मैसेज करते हुए बताया कि उसने 35 और 30 हजार रुपये उसके नंबर पर डाल दिए हैं। अब एक लाख रुपये डॉक्टर के नंबर पर ट्रांसफर करने हैं। बातों में आकर उसने 82 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।

#### परिचित को फोन करते ही खुला राज

महेश सैनी ने बताया कि संदेह होने के कारण उसने अपने परिचित को फोन किया। परिचित ने उसे फोन करने की बात से इनकार कर दिया। इसके बाद महेश ने अपना खाता चेक किया तो उसके खाते में कोई पेमेंट नहीं आई थी। इससे उसे साइबर ठगी का पता चला। धारूहेड़ा के सेक्टर-6 थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद उन खातों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए, जिनमें उसकी रकम ट्रांसफर की गई है।

**परेशानी** सरकार नागरिकों को पीने का पानी भी पूरा उपलब्ध नहीं करा पा रही

# पीने के पानी की किल्लत को लेकर नागरिकों का प्रदर्शन, मटके फोड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एसयूसीआई कम्युनिस्ट की ओर से शुक्रवार को राव तुलाराम पार्क के बाहर पीने के पानी की किल्लत को लेकर प्रदर्शन करके रोष व्यक्त किया और विरोध स्वरूप खाली मटका फोड़कर प्रयाप्त पेयजल आपूर्ति की मांग की। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व एसयूसीआई की जिला कमेटी के वरिष्ठ सदस्य रामकुमार निमोठ, एम्स संघर्ष समिति के कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश चंद, महिला सांस्कृतिक संगठन की नेत्री सुमन देवी, डीवाईओ के नेता रणबीर सिंह व एडवोकेट सुरेंद्र रोहिल्ला ने किया। इस मौके पर एसयूसीआई के राज्य सचिव कॉमरेड राजेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार ने रेवाड़ी के हिस्से का 750 क्यूसिक पेयजल निर्धारित किया हुआ है, जबकि जिले को केवल 500 क्यूसिक ही जल मिल रहा है, जिसमें से शहर को हर रोज 27.82 लाख लीटर पेयजल की जरूरत है, परंतु इतने पानी को स्टोरेज करने के लिए वाटर वर्क्स में पर्याप्त टैंक नहीं है। जिले में केवल कालाका व लिसाना दो वाटर वर्क्स है, जिनकी क्षमता केवल 27.72 लाख लीटर पानी की है जो शहर की हर रोज की जरूरत से कम है। सरकार नए वाटर वर्क्स नहीं बना रही है। कॉमरेड सिंह ने कहा कि जल ही जीवन है तो जिले के हिस्से का पानी क्यों नहीं दिया जा रहा है। सरकार नागरिकों को पीने का पानी भी पूरा उपलब्ध नहीं करा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार जिले में पीने का पानी का पूरा प्रबंध करें। इस मौके पर पुष्पा देवी, आरती देवी, कृष्णा देवी, अंजू देवी, किसान नेता अमर सिंह, राकेश पूर्व सैनिक, राजबीर, गजराज, डा. लेखराम, अनीश कुमार, अजय सिंह व रिटायर्ड मुख्याध्यापक हरिओम सहित अनेक लोग मौजूद थे।



रेवाड़ी। पीने के पानी की समस्या को लेकर प्रदर्शन करते हुए। फोटो :हरिभूमि

■ सरकार ने रेवाड़ी के हिस्से का 750 क्यूसिक पेयजल निर्धारित किया हुआ है, जबकि जिले को केवल 500 क्यूसिक ही जल मिल रहा

### हमारा परिवार संस्था का धार्मिक कार्यक्रम कल

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था की ओर से 23 जून को पंजाबी धर्मशाला में प्रभु चरणों में समर्पण कार्यक्रम 'सफर कितना भी मुश्किल हो-प्रभु आसान कर देंगे' का आयोजन किया जाएगा। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि मुकेश कापड़ीवास प्रदेश प्रवक्ता भाजपा कार्यक्रम में मुख्यातिथि व मोहनलाल गुप्ता सचिव महावर सभा विशिष्टातिथि रहेंगे। संस्था की ओर से नवप्रेरणा संस्था के प्रधान हरीश मलिक, अखिल भारतीय साहित्य परिषद की जिला अध्यक्ष श्रुति शर्मा व हेल्थ एंड वैलनेस कोच डा. सपना यादव का अभिनंदन किया जाएगा।

# चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर का पद शानदान, बनाएं करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर एक महत्वपूर्ण पद होता है, जो आज के समय में काफी ज्यादा डिमांड में रहता है। आज का समय टेक्नोलॉजी का युग माना जाता है। ऐसी स्थिति में टेक्नोलॉजी के माध्यम से किसी भी कार्य को अधिक आसानी से किया जाता है। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि वर्तमान समय में हर तरह की कंपनियां व्यवसाय को इस पद पर कार्यरत लोगों की मांग होती है क्योंकि आज के समय में अधिकांश कार्य ऑनलाइन माध्यम से किए जाते हैं। जो कार्य ऑफलाइन माध्यम से होते हैं, उन्हें भी मैनेज करने के लिए तथा व्यापार को बढ़ाने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना होता है।

## काफी ज्यादा मांग

चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर एक महत्वपूर्ण पद होता है, जो आज के समय में काफी ज्यादा डिमांड में रहता है। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि वर्तमान समय में हर तरह की कंपनियां व्यवसाय को इस पद पर कार्यरत लोगों की मांग होती है क्योंकि आज के समय में अधिकांश कार्य ऑनलाइन माध्यम से किए जाते हैं। जो कार्य ऑफलाइन माध्यम से होते हैं, उन्हें भी मैनेज करने के लिए तथा व्यापार को बढ़ाने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना होता है। आज का समय टेक्नोलॉजी का युग माना जाता है। ऐसी स्थिति में टेक्नोलॉजी के माध्यम से किसी भी कार्य को अधिक आसानी से किया जाता है। यहां मुख्य अधिकारी कंपनी के अंतर्गत सभी तरह के तकनीकी संसाधनों का प्रबंधन करता है उसका मूल्यांकन करता है तथा कंपनी का राजस्व अधिक बढ़ाने के लिए जरूरी हर तरह के टेक्नोलॉजी से संबंधित उपकरण उपलब्ध कराता है और उन पर अपनी निगरानी में तथा अपनी जिम्मेदारी से काम करके कंपनी को मदद पहुंचाता है। कंपनी के लिए उपयुक्त तथा उपयोगी हर तरह की टेक्नोलॉजी का लेखा जोखा और उसकी देखरेख मुख्य अधिकारी के अंतर्गत आती है। टेक्नोलॉजी की मदद से कंपनी को आसान तरीके से चलाने का कार्य भी मुख्य तकनीकी अधिकारी का होता है।

## करने होते ये काम

- चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर अपनी सूझबूझ से कंपनी के कार्य को अच्छी तरह से फैलाता है तथा कंपनी के मुख्य अधिकारियों को कंपनी को विकसित करने तथा अधिक मुनाफा प्राप्त करने में टेक्नोलॉजी के जरिए मदद करता है। चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर अपनी जिम्मेदारी से कंपनी के अंतर्गत होने वाले टेक्नोलॉजी से संबंधित कार्य को संपन्न करवाता है और टेक्नोलॉजी के सेक्टर से संबंधित कंपनी को हर तरह का सहयोग उपलब्ध कराता है। चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर कंपनी के अंतर्गत होने वाले सभी टेक्नोलॉजी से संबंधित कार्यों की रिपोर्ट कंपनी के मुख्य अधिकारियों को समय-समय पर सौंपता है।
- मुख्य तकनीकी अधिकारी अपनी सूझबूझ से आईटी परियोजनाओं को मार्केट में पहुंचाने का कार्य करता है।
- चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर कंपनी का सभी महत्वपूर्ण और जरूरी डाटा सुरक्षित रखता है।
- कंपनी के लिए जरूरी डाटा को सुरक्षित रखकर उसका प्रबंध करता है।
- मुख्य तकनीकी अधिकारी अपने अनुभव के आधार पर टेक्नोलॉजी की मदद से कंपनी और ग्राहक के बीच बेहतरीन संबंध स्थापित करता है।
- तकनीकी के नए-नए तरीकों से कंपनी के द्वारा विभिन्न प्रकार की समस्या का निवारण किया जाता है।
- तकनीकी की मदद से अत्याधुनिक तरीके से निवेश किया जाता है।
- कंपनी का राजस्व बढ़ाने के लिए मुख्य तकनीकी अधिकारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- कंपनी के लिए उपयोगी उपकरण हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर इत्यादि का संरक्षण और उपयोग सुनिश्चित करता है।

## जरूरी योग्यताएं

- सीटीओ बनने के लिए विद्यार्थी को सबसे पहले 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।
- 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद विद्यार्थी कंप्यूटर विज्ञान के क्षेत्र में स्नातक की डिग्री हासिल करना अनिवार्य है।

### तनख्वाह

किसी भी कंपनी या व्यवसाय के अंतर्गत आने वाले सीटीओ की सैलरी इस बात पर निर्भर करती है कि वह अधिकारी दुनिया के किस देश में तथा किस प्रकार की कंपनी में काम करता है क्योंकि आमतौर पर बड़ी-बड़ी अमेरिकी कंपनियों में पूरी दुनिया के मुकाबले अतिरिक्त भुगतान किया जाता है। भारत में भी बड़ी-बड़ी कंपनियां मुख्य तकनीकी अधिकारियों को अच्छा वेतन प्रदान करती है। आमतौर पर भारत में चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर को प्रतिवर्ष 20,00,000 रुपए से लेकर 30 लाख रुपए के अंतराल में दिए जाते हैं। इसके अलावा अधिकारी के अनुभव और कंपनी के ऊपर सैलरी निर्भर करती है।

### कैसे बने सीटीओ

चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर बनने के लिए आपको शुरुआत से ही विज्ञान विषय से संबंधित अध्ययन करना चाहिए और इसी फील्ड में आगे बढ़ना चाहिए अगर आप चीफ टेक्नॉलाजी ऑफिसर बनना चाहते हैं, तो सबसे पहले आपको कंप्यूटर विज्ञान की फील्ड में स्नातक की डिग्री हासिल करनी होगी। ऐसा करने से आपके पास टेक्नोलॉजी से संबंधित महत्वपूर्ण ज्ञान आ जाएगा, जिसके आधार पर आप और अधिक गहराई से अध्ययन कर सकते हैं। आमतौर पर बड़ी-बड़ी कंपनियां सीटीओ के पद पर ऐसे अधिकारियों की नियुक्ति करती हैं जिन्हें पहले से ही कुछ एक्सपीरियंस हो ऐसी स्थिति में आप शुरुआती समय में छोटी कंपनियों में कार्य कर सकते हैं, जिससे समय के अनुसार आपका एक्सपीरियंस बढ़ता रहेगा।

---

महत्वपूर्ण तथा जरूरी दस्तावेजों से संबंधित कार्य करने होते

# सेना में काफी महत्वपूर्ण होता है क्लर्क का पद, आप भी चमका सकते हैं करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

भारतीय सेना देश की सबसे बड़ी सेना है जो कि भारत के सशस्त्र बलों में से एक है। भारतीय सेना देश की सुरक्षा आंतरिक और बाहरी दोनों ही रूप से करती हैं। देश की सीमा पर बड़े पैमाने पर भारतीय सुरक्षा पहरा देती हैं और देश के अंदर भी जगह-जगह छावनी में भारतीय सेना रहती है ताकि देश के अंदर और देश की सीमा दोनों ही जगह पर शांति कायम रहे और बाहरी हमलों से देश सुरक्षित रहे। भारतीय सेना देश की सबसे बड़ी सेना है। इसीलिए भारतीय सेना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के पद आते हैं। सेना में आर्मी ऑफिसर, नर्सिंग असिस्टेंट, क्लर्क, फौजी , टेक्निक, ट्रेड मैन इत्यादि विभिन्न प्रकार के पद आते हैं।



## सबके अलग-अलग काम

सभी अलग-अलग पद वाले अधिकारी अलग-अलग काम करते हैं या हम यह कह सकते हैं कि अलग-अलग काम के लिए अलग-अलग पद निर्धारित किए गए हैं। भारतीय सेना देश की सबसे बड़ी सशस्त्र सेना है। इसीलिए इस सेना को बेहतर बनाए रखने के लिए अन्य विभिन्न प्रकार के पदों की आवश्यकता होती हैं। जिनमें एक मुख्य पद आर्मी क्लर्क का भी होता है।

## सेना में यह जरूरी पद

बता दें कि भारतीय सेना में क्लर्क का कार्य भारतीय सेना के अंतर्गत काफी जरूरी माना जाता है। जैसा की आप सभी को पता ही है हमारे देश के अधिकांश युवा सरकारी नौकरी करना चाहते हैं और आज के युवाओं में भारतीय सेना में जाने का जज्बा देखने को मिलता है। हर कोई भारतीय सेना में जाकर देश के लिए काम करना चाहता है। तो आप भारतीय सेना के तहत क्लर्क बन सकते हैं। हर वर्ष लाखों की संख्या में युवाओं द्वारा आर्मी कलर्क के लिए आवेदन किया जाता है। लेकिन भारतीय सेना के तहत किसी भी पद पर नौकरी करना इतना आसान नहीं है। इसके लिए आपको परीक्षा देनी होती है। शारीरिक रूप से परीक्षण करवाना होता है और विभिन्न प्रकार की ट्रेनिंग होती है। उसके बाद ही आप भारतीय सेना में नौकरी कर सकते हैं।

## समय-समय पर निकलती रहती नौकरियां



## क्या होता है क्लर्क का पद

*भारतीय सेना देश की सबसे बड़ी सशस्त्र सेना है। यह देश की सुरक्षा और शांति बनाए रखने का मुख्य काम करती हैं। इस सेना के तहत विभिन्न प्रकार के पद हैं, जिसमें एक बड़ा पद इंडियन आर्मी क्लर्क का भी होता है। अधिकांश लोगों को यह जानने में रुचि होती है कि भारतीय सेना के तहत क्लर्क का क्या काम होता है। तो आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि भारतीय सेना में क्लर्क के पद पर काम करने वाले कर्मचारियों को कुछ संबंधित और महत्वपूर्ण तथा जरूरी दस्तावेजों से संबंधित कार्य करने होते हैं। भारतीय सेना से जुड़े दस्तावेज काफी महत्वपूर्ण और जरूरी होते हैं। इसीलिए यह पद जिम्मेदारी वाला माना जाता है।*

*भारतीय सेना में क्लर्क का काम करने वाला कर्मचारी भारतीय सेना के प्रमुख दस्तावेजों को नियोजित करके रखता है। भारतीय सेना से संबंधित जरूरी दस्तावेजों को सुरक्षित रखना होता है। भारतीय सेना के कार्यालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यों को करता है। इंडियन आर्मी क्लर्क भारतीय सेना में काम कर रहे अन्य सैनिकों और जवानों की सूची तैयार करता है तथा सूची अनुसार अलग-अलग श्रेणी के तहत सभी की जानकारी दस्तावेजों के आधार पर सुरक्षित रखता है। इसके अलावा इंडियन आर्मी क्लर्क का काम कंप्यूटर विभाग, कार्यालय, पुस्तक, डॉक्यूमेंट, पोस्ट्स इत्यादि का रखरखाव करना होता है।*

## ऑनलाइन आवेदन

सेना में क्लर्क बनने के लिए सबसे पहले आपको इस पद पर आयोजित भर्ती के लिए आवेदन करना होगा। हर वर्ष सरकार द्वारा आर्मी क्लर्क हेतु भर्ती का आयोजन करवाया जाता है। जिसकी सूचना पहले ही ऑफिशल नोटिफिकेशन जारी करके बता दी जाती है। यह सूचना मिलने के बाद आपको ऑफिशियल वेबसाइट से आवेदन करना होता है। आवेदन करते समय आपको अपनी सभी जरूरी और महत्वपूर्ण जानकारी को सही ढंग से दर्ज करना है और संबंधित दस्तावेजों को भी अपलोड कर देना है।

## तनख्वाह

सेना में क्लर्क की नौकरी करने वाले कर्मचारी को सैलरी के रूप में हर महीने न्यूनतम 5500 से लेकर सामान्यत 25000 तक दिया जाता है। इसके अलावा ग्रेड पे पर 1800 रुपये प्रतिमाह मिलता है। आर्मी क्लर्क को ग्रेड पर और वेतन के अलावा विभिन्न प्रकार की सुविधाएं और विभिन्न प्रकार के भत्ते दिए जाते हैं। जो इस प्रकार है– महंगाई भत्ता, आवास भत्ता, यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता और कैंटीन की सुविधाएं दी जाती हैं।



## जरूरी योग्यताएं

- आर्मी क्लर्क बनने के लिए उम्मीदवार का कम से कम 12वीं पास होना जरूरी है।
- उम्मीदवार किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड या शिक्षण संस्थान से 12वीं पास कर सकता है।
- उम्मीदवार को साईंस/ कॉमर्स और आर्ट स्ट्रीम से ही 12वीं पास करनी होगी।
- आर्मी क्लर्क बनने के लिए उम्मीदवार को 12वीं क्लास में 60% अंक प्राप्त करने होंगे।
- आवेदक के 12वीं क्लास के प्रत्येक विषय में कम से कम 50% अंक होने चाहिए।
- उम्मीदवार के 12वीं क्लास में मैथ/ इंग्लिश/अकाउंट/ बुक कीपिंग इनमें से किसी एक सब्जेक्ट का होना अनिवार्य है।
- आर्मी क्लर्क उम्मीदवार की ऊंचाई कम से कम 160 सेंटीमीटर होना चाहिए।
- उम्मीदवार की छाती कम से कम 77 सेंटीमीटर होनी चाहिए।
- आवेदन करने वाले उम्मीदवार के शरीर का वजन कम से कम 48 किलो होना चाहिए।
- इसके अलावा देश के अलग-अलग राज्यों द्वारा इस पद हेतु अलग अलग ऊंचाई, सीना और वजन निर्धारित किया गया है।
- आर्मी क्लर्क पद के लिए आयोजन करने वाला व्यक्ति भारत का नागरिक होना चाहिए।
- आवेदन करने वाले अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु कम से कम 17 वर्ष व 6 महीने होनी चाहिए।
- इस पद के लिए अधिकतम आयु सीमा 23 वर्ष निर्धारित की गई है।
- उम्मीदवार का शारीरिक और मानसिक रूप से पूर्णतया स्वस्थ होना चाहिए।
- आर्मी क्लर्क उम्मीदवार के आँखों की रोशनी 6/6 होना चाहिए।
- अभ्यर्थी को कलर ब्लाइंटनेस का रोग नहीं होना चाहिए।
- उम्मीदवार व्हाइट, रेड, ग्रीन सिग्नल पहचाने में सक्षम होना चाहिए।
- इस पद के उम्मीदवार के शरीर में किसी भी प्रकार की कोई भी बीमारी नहीं होनी चाहिए।

**शारीरिक जांच :** आवेदन करने के बाद सबसे पहले आपको शारीरिक स्वास्थ्य की जांच करवानी होती हैं। यह प्रथम चरण का टेस्ट होता है। इसमें उम्मीदवार को निर्धारित समय के तहत निर्धारित दूरी की दौड़ पूरी करनी होती है। उसके बाद निर्धारित किया गया पुश-अप निर्धारित समय में पूर्ण करना होता है। प्रथम चरण की यह परीक्षा कुल 100 अंकों की होती हैं जिनमें 60 अंक दौड़ के और बाकी के 40 पुश-अप के होते हैं।
**दस्तावेजों की जांच :** सेना में क्लर्क बनने के लिए डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन करवाना होता है। शारीरिक परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के तहत 10वीं क्लास 12वीं क्लास का सर्टिफिकेट पहचान पत्र इत्यादि कुछ जरूरी और महत्वपूर्ण दस्तावेज की जांच की जाती है।
**मेडिकल टेस्ट :** डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन टेस्ट पास करने वाले उम्मीदवारों को मेडिकल टेस्ट देना होता है। इसके तहत उम्मीदवार के शरीर की जांच की जाती हैं जिससे पता चलता है कि वह उम्मीदवार किसी रोग का शिकार है या नहीं।
**लिखित परीक्षा:** मेडिकल टेस्ट पास करने वाले उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाता है। भाग-1 में सामान्य ज्ञान, सामान्य साईंस, गणित और कंप्यूटर साईंस सब्जेक्ट का प्रश्न होता है। एवं भाग-2 में सामान्य अंग्रेजी भाषा का प्रश्न होता है। इस परीक्षा के अंतर्गत आने वाला पेपर 100 अंको का होता है और लिखित परीक्षा 200 अंकों की होती है।

---

# साक्षात्कार में खुद को कैसे प्रस्तुत करें और अपना सर्वश्रेष्ठ संस्करण दिखाएं



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

साक्षात्कार नौकरी प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण चरण है। यह आपकी क्षमता, व्यक्तित्व और कौशल को प्रदर्शित करने का एक मौका होता है। सही ढंग से खुद को प्रस्तुत करके, आप साक्षात्कारकर्ता पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। यहां बताया गया है कि साक्षात्कार में अपना सर्वश्रेष्ठ संस्करण कैसे

दिखाएं। किसी संगठन की पृष्ठभूमि का ज्ञान प्राप्त करना न केवल साक्षात्कार के लिए तैयार होने में मदद करता है, बल्कि नौकरी के दौरान भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह आपको संगठन की कार्यशैली, मूल्यों, और भविष्य की दिशा को समझने में सहायता करता है।

## आत्मविश्वास के साथ सवालों के जवाब दें

1. **साक्षात्कार की तैयारी में सहायता:** संगठन के बारे में जानकारी आपको साक्षात्कार में आत्मविश्वास से भरे उत्तर देने में मदद करती है।
**प्रासंगिक उत्तर:** आप प्रश्नों के उत्तर संगठन के उद्देश्यों और संस्कृति के संदर्भ में दे सकते हैं, जिससे आपकी तैयारी और समझ का पता चलता है।
**अच्छे सवाल:** आप संगठन की पृष्ठभूमि से जुड़े महत्वपूर्ण और प्रभावी सवाल पूछ सकते हैं, जो आपकी जिज्ञासा और प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।
2. **संगठन की संस्कृति और मूल्य:** किसी भी नौकरी में सफल होने के लिए उस संगठन की संस्कृति और मूल्य समझना बेहद जरूरी है।
**सांस्कृतिक अनुकूलता:** संगठन की संस्कृति को जानकर आप यह समझ सकते हैं कि आपका काम करने का तरीका और आपका व्यवहार वहां कैसे फिट होगा।
**मूल्य समझना:** संगठन के मूल्य और दृष्टिकोण को समझकर आप उन्हें अपने काम और निर्णयों में लागू कर सकते हैं।
3. **संगठन की रणनीति और दृष्टिकोण:** संगठन की पृष्ठभूमि जानने से आपको उसकी दीर्घकालिक रणनीतियों और लक्ष्यों की समझ मिलती है।
सहयोग में मदद: यह जानकारी आपको अपने काम को संगठन के बड़े लक्ष्यों से जोड़ने में मदद करती है।
प्रदर्शन में सुधार: आप अपने प्रदर्शन और योगदान को संगठन की प्राथमिकताओं के अनुरूप ढाल सकते हैं।
4. **चुनौती और अवसर की पहचान:** संगठन के इतिहास और वर्तमान स्थिति की जानकारी से आप उसकी चुनौतियों और संभावित अवसरों को पहचान सकते हैं।
**समस्याओं को हल करना:** संगठन की वर्तमान चुनौतियों को समझकर आप समाधान पेश कर सकते हैं, जिससे आप एक मूल्यवान कर्मचारी साबित होते हैं।
**अवसरों का लाभ:** नए अवसरों की पहचान कर आप संगठन में नवाचार और विकास के लिए सुझाव दे सकते हैं।
5. **करियर विकास:** संगठन की पृष्ठभूमि जानने से आप अपने करियर को बेहतर तरीके से प्लान कर सकते हैं।
**विकास के अवसर :** संगठन की विकास दर और भविष्य की योजनाओं को समझकर आप अपनी करियर ग्रोथ की संभावना का आकलन कर सकते हैं।

## महत्वपूर्ण सुझाव

1. **आत्मविश्वास के साथ प्रवेश करें:** जब आप साक्षात्कार के लिए कमरे में प्रवेश करें, तो आत्मविश्वास से भरपूर रहें। आपके चलने का तरीका, हाथ मिलाने का तरीका और चेहरा देखकर साक्षात्कारकर्ता आपके आत्मविश्वास का अंदाजा लगा सकते हैं।
**मजबूत हैंडशेक:** साक्षात्कारकर्ता से मजबूती से और आत्मविश्वास के साथ हाथ मिलाएं।
**मुस्कुराहट:** हल्की मुस्कान आपके आत्मविश्वास को दर्शाती है और एक सकारात्मक माहौल बनाती है।
2. **उपयुक्त पहनावा:** आपका पहनावा आपके व्यक्तित्व का पहला प्रभाव छोड़ता है। इसलिए, नौकरी के प्रोफाइल और कंपनी की संस्कृति के अनुसार उपयुक्त कपड़े पहनें।
**-व्यवसायिक पोशाक:** फॉर्मल कपड़े पहनें, जो आपके प्रोफेशनलिज्म को दिखाते हैं।
**स्वच्छता:** अपने कपड़े साफ और अच्छी तरह प्रेस किए हुए रखें।
3. **तैयारी महत्वपूर्ण है:** साक्षात्कार से पहले कंपनी और नौकरी के विवरण के बारे में अच्छे से अध्ययन करें। इससे आप बेहतर तरीके से सवालों का जवाब दे पाएंगे और यह भी दिखेगा कि आप नौकरी को लेकर गंभीर हैं।
**कंपनी का अध्ययन:** कंपनी की वेबसाइट, उनके उत्पादों/ सेवाओं और उनके कार्य संस्कृति के बारे में जानकारी लें।
**जॉब प्रोफाइल:** जॉब प्रोफाइल में बताई गई आवश्यकताओं और जिम्मेदारियों को समझें।
4. **प्रभावशाली उत्तर दें:** प्रश्नों का उत्तर देते समय संयम और आत्मविश्वास बनाए रखें। अपने उत्तर स्पष्ट और सटीक रखें।
**व्यक्तिगत अनुभव:** अपने व्यक्तिगत अनुभवों और उपलब्धियों का उल्लेख करें, जो आपके कौशल को प्रदर्शित करते हैं।
**स्टार तकनीक:** स्थिति, कार्य, क्रिया और परिणाम का उपयोग करके उत्तर को संरचित करें।
5. **भाषा और हावभाव पर ध्यान दें:** आपकी बॉडी लैंग्वेज और बोलने का तरीका साक्षात्कार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हिंदी किस भाषा परिवार की भाषा है
(ए) भारोपीय
(बी) द्रविड़
(सी) आस्ट्रिक
(डी) चीनी-तिब्बती

**2.** भारत में सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा कौन सी है
(ए) हिंदी
(बी) संस्कृत
(सी) तमिल
(डी) उर्दू

**3.** हिंदी भाषा का जन्म हुआ है
(ए) अपभ्रंश से
(बी) लौकिक संस्कृत से
(सी) पालि-प्राकृत से
(डी) वैदिक संस्कृत से

**4.** निम्न में से कौन सी बोली अथवा भाषा हिंदी के अंतगर्त नहीं आती है
(ए) कन्नौजी
(बी) बांगरू
(सी) अवधी
(डी) तेलुगु

**5.** हिंदी की विशिष्ट बोली ब्रजभाषा किस रूप में सबसे अधिक प्रसिद्ध है
(ए) राजभाषा
(बी) तकनीकी भाषा
(सी) राष्ट्रभाषा
(डी) काव्यभाषा

**6.** भारतवर्ष में हिंदी को आप किस वर्ग में रखेंगे
(ए) राजभाषा
(बी) राष्ट्र भाषा
(सी) विभाषा
(डी) तकनीकी भाषा

**7.** दूढाली बोली है
(ए) पश्चिमी राजस्थान की
(बी) पूर्वी राजस्थान की
(सी) दक्षिणी राजस्थान की
(डी) उतरी राजस्थान की

**8.** ब्रजबुली नाम से जानी जाती है
(ए) पंजाबी
(बी) मराठी
(सी) गुजराती
(डी) पुरानी बांग्ला

उत्तर 1.(ए) 2.(ए) 3.(ए) 4.(डी) 5.(डी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी)

**खबर संक्षेप**

## होटल के कारिंदे से चाकू लगाकर मोबाइल छीना

**रेवाड़ी।** दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर वीरवार की रात सड़क पर पैदल जा रहे एक होटल के कारिंदे के पेट पर चाकू लगाकर बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल फोन छीन लिया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। यूपी के मरुई गणेशपुर निवासी अमरजीत ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह कसोला चौक के पास एक होटल पर करीब 3 माह से काम कर रहा है। वह होटल पर ही रहता है। वीरवार की रात वह सडक पर घूमने के लिए निकला था। जब वह बखापुर की ओर जा रहा था तो उसके पास एक बाइक आकर रुकी। बाइ पर तीन लोग सवार थे। उनमें से एक ने उतरकर उसके पेट पर चाकू लगा दिया। इसके बाद उसके हाथ से मोबाइल छीनकर नेशनल हाइवे की ओर भाग गए।

## दोस्त के साथ घूमने निकला युवक लापता

**रेवाड़ी।** कमालपुर से 12 जून को अपने दोस्त घूमने के लिए निकला एक युवक गायब हो गया। उसके पिता ने किसी पर उसे छुपाकर रखने का आरोप लगाया है।

पुलिस शिकायत में प्रेमसिंह ने बताया कि उसका बेटा दीपक गुजरीवास निवासी अपने दोस्त रोहित के साथ घर से घूमने के लिए निकला था। इसके बाद उसकी लगातार दीपक से फोन पर बात हो रही थी। वीरवार की रात 10 बजे उसकी दीपक से आखिरी बार बात हुई तो वह बहकी-बहकी बातें कर रहा था। बाद में उसका मोबाइल फोन बंद हो गया। उसने आशंका जताई है कि उसके बेटे को किसी ने कहीं छुपाकर रखा हुआ है।

## स्कूल से भोजन पकाने का सामान चोरी

**जाटूसाना।** बरेली खुर्द के राजकीय प्राथमिक स्कूल में चोर मिड-डे मील कक्ष का ताला तोड़कर भोजन पकाने का सारा सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। स्कूल के हेडमास्टर रविंद्र कुमार ने पुलिस शिकायत में बताया कि शुक्रवार सुबह जब वह स्कूल में पहुंचा तो मिड-डे मील कमरे का ताला टूटा हुआ था। चोर कमरे से भोजन बनाने का सारा सामान चोरी कर ले गए। इनमें तीन गैस सिलेंडर, एक चूल्हा, चार भगोने, तीन स्टील बाल्टी, एक परात, एक तसला, 2 टोकरा, एक प्रेशर कूकर, एक छोटा भगोना, एक कढ़ाई व तीन जग शामिल हैं। उसने तुरंत चोरी की सूचना जाटूसाना पुलिस को दी।

## इनेलो की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन आज

**रेवाड़ी।** इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी की जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक का आयोजन 22 जून को सुबह 10 बजे जाट धर्मशाला में किया जाएगा। इनेलो प्रधान



महासचिव व ऐलनाबाद विधायक चौ. अभय चौटाला कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। बैठक में इनेलो प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा भी उपस्थित रहेंगे तथा अध्यक्षता इनेलो जिला प्रधान डा. राजपाल यादव करेंगे। इनेलो प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट रजवंत डहीनवाल ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर पार्टी के प्रधान महासचिव पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से रूबरू हो रहे है।

### डीएसपी पवन कुमार बोले सभी नशे से बनाएं दूरी, योग है हर रोज जरूरी

# जिला पुलिस ने पैंतीस सौ लोगों को नशे के दुष्प्रभाव एवं बचाव के तरीके बताए

- युवाओं को नशे से दूर रहने तथा योग व खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया
- नशे का कारोबार करने वालों की सूचना डायल 112 पर पुलिस विभाग को दें






रेवाड़ी। युवाओं को नशा न करने की शपथ दिलाती पुलिस तथा पुलिस के साथ नुक्कड़ नाटक की टीम। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के मार्गदर्शन में जिला पुलिस की ओर से नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत आमजन को नशीली दवाओं, नशीले पदार्थों के दुष्परिणामों व दुष्प्रभाव बारे में जागरूक किया जा रहा है। शुक्रवार को योग दिवस पर जिला पुलिस की विभिन्न टीमों ने राव तुलाराम स्टेडियम, हीरो मोटो कार्प धारूहेड़ा, बस स्टैंड, औद्योगिक क्षेत्र धारूहेड़ा, प्रिंस स्पोर्ट्स अकादमी, गांव बधराना, राजियाका, डालियाकी व नेहरूगढ़ स्टेडियम में युवाओं को नशे से दूर रहने तथा योग व खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। पुलिस ने युवाओं को नशा न करने की शपथ भी दिलाई। शुक्रवार को पुलिस की सभी टीमों ने करीब 3500 लोगों को जागरूक किया। डीएसपी ने कहा कि नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के माध्यम से पुलिस का उद्देश्य आमजन को नशे की बुराइयों से अवगत कराना तथा नशे के आदी युवाओं को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। डीएसपी ने आमजन से आह्वान किया कि सभी नशे से दूरी बनाए और योग व खेलों से नाता जोड़कर नशा मुक्त भारत अभियान में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि नशे का कारोबार करने वालों की सूचना डायल 112 पर पुलिस विभाग को दें।

### नुक्कड़ नाटक से दिया नशा मुक्त भारत का संदेश

डीएसपी ट्रैफिक आशीष चौधरी के मार्गदर्शन में जिला पुलिस व रंगकर्मी सतीश मस्तान के निर्देशन में शाकुंतलम संगीत व नाट्य संस्था की ओर से बीएमजी मॉल में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को नशे के दुष्परिणामों व दुष्प्रभाव बारे में जागरूक किया गया। कलाकारों ने आमजन को जागरूक करते हुए बताया कि नशा किस तरह युवाओं को बर्बाद कर रहा है और समाज के लिए कितना घातक होता जा रहा है। नशे में युवक अपने भविष्य के साथ-साथ अपने परिवार को भी बर्बाद कर रहे है। कलाकार पार्थ, राधिका, नेहा, प्रिया, चंचल, दया, दीपक सैनी, हेमंत राठी, बृजेश अग्रवाल व संजय मनचंदा सहित अन्य कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर डीएसपी चौधरी कहा कि हमें रेवाड़ी सहित प्रदेश को नशा मुक्त रखने में नंबर वन बनाकर एक मिसाल प्रस्तुत करनी है। इस अवसर पर जगन गेट चौकी इंचार्ज एएसआई योगेश कुमार सहित जिला पुलिस के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# तापमान गिरने से लू का प्रकोप खत्म उमस भरी गर्मी करने लगी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मौसम आ रहे बदलाव के बाद लगभग एक माह से भारी लू के प्रकोप का सामना कर रहे लोगों को राहत मिली है। तापमान में काफी गिरावट आई है। हवा में नमी का स्तर बढ़ने से उमस भरी गर्मी परेशान जरूर करने लगी है। लगभग एक सप्ताह तक मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। अगले सप्ताह अच्छी बरसात होने की संभावना है। इस दौरान तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहेगा।

बीते बुधवार की शाम से आए मौसम में बदलाव के बाद लोगों को भारी लू के प्रकोप से निजात मिल गई है। कई इलाकों में हल्की बरसात और बूंदाबांदी ने हीटवेव को अलविदा कर दिया है। लगभग एक माह से लोगों को लू के थपेड़ों का सामना करना पड़ा, जिससे जनजीवन पर प्रतिकूल असर पड़ा। शुक्रवार को सुबह के समय आसमान में आंशिक बादल छाए रहे। दोपहर तक मौसम साफ होने के कारण तेज धूप ने उमस बना दी। अधिकतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस कम होकर 39.5 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान भी इतनी ही गिरावट के साथ 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते साल की तुलना में तापमान



रेवाड़ी। धूप में छाते से बचाव करती जाती महिलाएं।

अभी भी ज्यादा चल रहा है। गत वर्ष 21 जून को अधिकतम तापमान 33.2 और न्यूनतम 27.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। दोपहर बाद आसमान में एक बार फिर गहरे बादल छाने से बूंदाबांदी की संभावनाएं नजर आने लगीं। हवा में नमी का स्तर से 35 से 40 फीसदी तक रहने के कारण दोपहर के कारण चिपचिपाहट भरी गर्मी ने लोगों के जमकर पसीने छुड़ाए। इसके बावजूद लू का प्रकोप खत्म होने से लोगों को काफी सुकून मिलने लगा है।

### माह के अंत में झमाझम बारिश

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी हवाओं के चलने और कमजोर विक्षोभ की सक्रियता से कुछ दिनों तक आसमान में आंशिक बादल छाने व तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी होने का सिलसिला चलता रहेगा। जून माह के अंतिम दो दिनों में झमाझम बरसात होने की संभावना है, जिससे गर्मी का असर काफी कम हो जाएगा। अच्छी बरसात के बाद किसान बाजरे की बिजाई कर सकेंगे। इससे कपास की फसल को भी अच्छा फायदा मिलेगा। मौसम में बदलाव के बाद कपास की फसल पर रौनक छाने लगी है।

### बिजली की खपत में आई कमी

तीन दिन पूर्व तक भारी गर्मी के कारण जिले में बिजली की खपत एक करोड़ यूनिट के आसपास पहुंच गई थी। भारी गर्मी के कारण सिस्टम ओवरलोड होने के कारण बिजली निगम के अधिकारियों को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। ट्रांसफार्मरों को डैमेज होने से बचाने के लिए उन्हें ठंडा करने के लिए कूलर तक लगाए गए। दो-तीन दिन से मौसम ठंडा होने के बाद बिजली की खपत में 10 लाख यूनिट तक की कमी आ गई है, जिससे पावर सिस्टम भी ठंडा पड़ने लगा है।

## तीन एक्सप्रेस ट्रेनों की विस्तार अवधि बढ़ाई

- उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने यह जानकारी दी

**रेवाड़ी।** रेलवे की ओर से जोधपुर-जम्मूतवी-जोधपुर ट्रेन का भगत की कोठी तक, भगत की कोठी-दादर-भगत की कोठी ट्रेन का जोधपुर तक एवं जोधपुर-इंदौर-जोधपुर रेलसेवा का भगत की कोठी स्टेशन तक अस्थाई विस्तार की अवधि को 30 सितंबर तक बढ़ाया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 19225/19226 जोधपुर-जम्मूतवी-जोधपुर एक्सप्रेस रेलसेवा का भगत की कोठी स्टेशन तक, गाड़ी संख्या 14807/14808 भगत की कोठी-दादर-भगत की कोठी एक्सप्रेस रेलसेवा का जोधपुर स्टेशन तक तथा गाड़ी संख्या 12466/12645 जोधपुर-इंदौर-जोधपुर एक्सप्रेस रेलसेवा का भगत की कोठी स्टेशन तक विस्तार 30 सितंबर तक बढ़ाया जा रहा है।

# मन की दृढ़ता एवं संकल्प के साथ योग को जीवन में अपनाएं: कुलसचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर व हरियाणा योग आयोग की ओर से योग दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री डा. सुकामा आचार्य उपस्थित थी। कुलसचिव प्रोफेसर प्रमोद कुमार, अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रोफेसर मंजू परुथी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग प्रोफेसर करण सिंह ने मुख्य अतिथि का पौधा देकर स्वागत किया। कुलसचिव ने कहा कि योग का शाब्दिक अर्थ जुड़ाव होता है, जिसमें मन की दृढ़ता एवं एक संकल्प के साथ योग प्रक्रियाओं को अपने जीवन में अपनाना चाहिए ताकि मानसिक बुद्धि का विकास पूर्ण रूप से किया जा सकें। मुख्य अतिथि ने कहा कि हम सभी को योग के प्रति जागरूक होना होगा ताकि एक अच्छे



रेवाड़ी। आईजीयू में योगाभ्यास करते हुए। फोटो : हरिभूमि

राष्ट्र के साथ-साथ स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण भी किया जा सकें। योग विभाग से शिक्षक प्रवीण कुमार व योग अनुदेशक अमित कुमार के नेतृत्व में योग विभाग की छात्रा प्रियांशी, अंजलि, वंशिका, सरिता व पूजा ने सभी को योगाभ्यास कराया। योग विभाग से तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी संगीता, प्रीति, ज्योति, दीप्ति, नवीश, प्रदीप, संगीता, आशा व सुमन ने वॉलेंटियर्स की भूमिका निभाई। अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग प्रोफेसर करण सिंह ने मुख्य अतिथि व विद्यार्थियों का धन्यवाद किया।

# मुरलीपुर की एकता बनी नायब तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

हरियाणा लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित हरियाणा सिविल सर्विसेज परीक्षा परिणाम में गांव मुरलीपुर की एकता यादव ने नायब तहसीलदार के पद पर नियुक्ति पाई है। इस कामयाबी पर गांव व क्षेत्र के लोगों ने एकता और उसके परिवार को बधाई दी। एकता यादव ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने माता व पिता कृष्ण कुमार के सहयोग तथा गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया है। एकता ने 12वीं कक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल पठानी से उत्तीर्ण



की, जहां हिंदी प्रवक्ता चंचल यादव और भौतिक शास्त्र प्रवक्ता संजीव का विशेष मार्गदर्शन मिला। एकता का कहना है कि विद्यार्थी को किसी एक असफलता पर निराश नहीं होना चाहिए, बल्कि निरंतर अपने लक्ष्य को सामने रखकर संघर्षरत रहना चाहिए। एक न एक दिन उसे कामयाबी जरूर मिलती है।

**राजनीति** | हालात बदलते ही साथ छोड़ चुके प्रभावशाली नेता, चाचा-भतीजे को नई शुरूआत करने पर लगाना होगा पूरा जोर

# दो हलकों में रह चुका इनेलो का अच्छा दबदबा, अब इनेलो-जेजेपी को दमदार चेहरों की तलाश

- पूर्व सीएम ओपी चौटाला की इस हलके पर खास नजर रह चुकी है

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

बीते लोकसभा चुनावों में भले ही इनेलो और जेजेपी कहीं भी भाजपा-कांग्रेस के सामने नहीं टिक पाई हों, परंतु विधानसभा चुनावों में दोनों ही दलों का अच्छा असर देखने को मिल सकता है। अहीरवाल क्षेत्र में वर्ष 2000 के दशक में इनेलो का अच्छा प्रभाव रह चुका है। जिले के तीन में दो बावल और कोसली हलके में इनेलो मजबूत उपस्थिति दर्ज कराती रही है, परंतु इस बार अभी तक इनेलो और जेजेपी दोनों के पास इन हलकों में दमदार प्रत्याशी तक मौजूद नहीं हैं। इन हलकों में वजूद बनाने के लिए दोनों दलों को नए सिरे से ग्राउंड लेवल पर कड़ी मेहनत के साथ प्रभावी चेहरों की तलाश करनी होगी।

बावल आरक्षित सीट पर 2000 के दशक में इनेलो का खूब दबदबा रह चुका है। पूर्व सीएम ओपी चौटाला की इस हलके पर खास नजर रह चुकी है। बड़ी संख्या में जाट बाहुल्य गांवों के मतदाताओं का जुड़ाव इनेलो के साथ रह चुका है। इस सीट पर वर्ष 2000 के विधानसभा चुनावों में इनेलो प्रत्याशी के रूप में डा. एमएल रंगा विधायक बनने के बाद चौटाला सरकार में मंत्री बने थे। वर्ष 2009 में अहीरवाल में कांग्रेस की हवा के बीच नए प्रत्याशी रामेश्वर दयाल भी इनेलो की टिकट पर विधायक बने



जगदीश यादव।



एमएल रंगा।



रामेश्वर दयाल।

थे, जबकि वर्ष 2014 के विधानसभा चुनावों में श्याम सुंदर सभरवाल ने भाजपा प्रत्याशी डा. बनवारीलाल के समक्ष अच्छी चुनौती पेश की थी। इनेलो प्रत्याशियों को जाट बाहुल्य गांवों में अच्छा वोट मिलने के कारण जीत मिली थी, लेकिन पार्टी के विभाजन के साथ ही इस हलके में इनेलो ज्यादा बदहाली का शिकार हो गई। डा. एमएल रंगा बाद में इनेलो छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए। रामेश्वर दयाल अपना मजबूत जनाधार बनाने में सफल नहीं रहे। सभरवाल इनेलो छोड़कर जेजेपी में शामिल हो गए, लेकिन कुछ समय पूर्व वह दुष्यंत चौटाला का भी साथ छोड़ गए। अब इस हलके में इनेलो और जेजेपी दोनों के पास ही ऐसा कोई चेहरा नहीं है, जो आने वाले विधानसभा चुनावों में बड़ा चमत्कार करने की स्थिति में हो।

### जगदीश के बाद कोसली में हालत पतली

बावल की तरह पुराने जाटूसाना हलके में भी इनेलो का अच्छा जनाधार रह चुका है। इस हलके में मजबूत वोट बैंक रखने वाले जगदीश यादव वर्ष 1996 में हविपा की टिकट पर विधायक व मंत्री बने थे। इसके बाद वह इनेलो में शामिल हो गए। वर्ष 2000 में वह इनेलो की टिकट पर चुनाव लड़ते हुए दूसरे स्थान पर रहे थे। वर्ष 2014 में एक बार फिर इनेलो की टिकट पर उन्होंने कोसली से चुनाव लड़ते हुए कांग्रेस प्रत्याशी को कड़ी चुनौती पेश की थी। बाद में जगदीश भाजपा में शामिल हो गए और लोकसभा चुनावों से ठीक पहले वह कांग्रेस ज्वाइन कर चुके हैं।

### दोनों ही दलों के पास नहीं प्रभावी चेहरे

इनेलो और जेजेपी दोनों ही दलों के पास तीनों हलकों में ऐसे दमदार चेहरे इस समय मौजूद नहीं हैं, जो आने वाले विधानसभा चुनावों में बड़ा उलटफेर करने की स्थिति में हों। जिलाध्यक्ष के रूप में डा. राजपाल प्रदेश प्रवक्ता रजवंत डहीनवाल के साथ अभयसिंह चौटाला का झंडा बुलंद किए हुए हैं, परंतु जनाधार के मामले में खाली हाथ हैं। जेजेपी के जिलाध्यक्ष विजय पंच पद संभालने के बाद किसी प्रभावी चेहरे को पार्टी के साथ नहीं जोड़ पाए हैं। ऐसे में चाचा-भतीजे को उपस्थिति दर्ज कराने के लिए दमदार चेहरों की तलाश करनी होगी।

**न्यूज डायरी**

## गर्ल्स कॉलेज में छात्राओं को योग के लाभ बताए



**रेवाड़ी।** सेक्टर-18 स्थित प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। प्राचार्या डा. ज्योति यादव ने योग कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. स्वाती, योगा क्लब इंचार्ज डा. नवीन व एनसीसी प्रभारी प्रीति यादव के नेतृत्व में योग दिवस मनाया गया, जिसमे सभी छात्राओं को योगाभ्यास कराया गया। पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी दयाराम आर्य, जिला मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार, वरिष्ठ योग शिक्षक सावित्री यादव, योग शिक्षक धर्मवीर तथा ममता ने छात्राओं को योग के महत्व, लाभ तथा सावधानियां बताई। उन्होंने अनुलोम-विलोम, भस्त्रिका, कपालभाति व वृद्धासन सहित अनेक योगासन व प्रणायाम कराए। सभी छात्राओं ने योग के महत्व को प्रदर्शित करते हुए पोस्टर्स भी बनाए तथा समाज को भी योग के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक सतेन्द्र सिंह, एनएसएस एडवाइजरी कमेटी की सदस्य डा. धीरज, डा. अनिता रानी, योगा विभाग इंचार्ज डा. नवीन, प्रिया, चंद्रकांत, मनमोहन, राधेश्याम व राकेश मौजूद थे। डा. स्वाती ने पतंजलि योग समिति के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## दो गुटों में मारपीट, चार लोग पहुंचे अस्पताल

बावल। बगथला में पैसे के लेन-देन को लेकर दो गुटों में हुए संघर्ष में कई लोग घायल हो गया। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। पुलिस बयान में हजारीलाल ने बताया कि उसके बेटे कपिल के साथ गांव के ही ईश्वर, मोहित, राहुल और पंकज के साथ कहासुनीं हो गई थी। उसने आरोप लगाया कि बाद में यह लोग तीन-चार युवकों को साथ लेकर उसके घर आ गए। डंडों से लैस होकर आए आरोपियों ने उसके व उसके बेटे कपिल के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। इन लोगों ने कपिल के साले व उसकी पत्नी के साथ भी मारपीट की। उसने तुरंत पुलिस को फोन कर दिया। पुलिस के आने से पहले यह लोग धमकी देकर फरार हो गए। पड़ोस के लोगों ने उन्हें घायलावस्था में रेवाड़ी के एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया। पुलिस ने उसके बयान पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

**दूसरे पक्ष ने दर्ज कराया केस :** बगथला में रहने वाले मूल रूप से राजस्थान के हरनावाड़ निवासी गोवर्धन ने पुलिस बयान में बातया कि वह कपिल की डेयरी पर काम करता है। दो-तीन दिन पहले उसने कपिल से हिसाब करने को कहा तो उसने और उसके पिता ने उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने उसके बयान पर भी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

## किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



**रेवाड़ी।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन की ओर से शुक्रवार को रामकुमार निमोठ की अध्यक्षता में किसानों की समस्याओं को लेकर मैनेजिंग डायरेक्टर पैक्स के नाम विकास अधिकारी केदारनाथ को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर रामुकमार ने कहा कि किसानों के सहकारी कर्ज पर कोई नाजायज शर्त नहीं लगाई जाएं। कर्ज वसूली के लिए जमाबंदी की शर्त लगाकर दबाव बनाना बंद किया जाए। किसानों को सहकारी समिति का नया सदस्य बनाया जाए। रामकुमार ने कहा कि किसान सहकारी समिति किसानों के लिए मदद का एक सहारा है। सहकारी समिति के काफी संख्या में ऐसे सदस्य है, जो दूसरे की जमीन लेकर खेती कर रहे है व बटाईदार किसान भूमिहीन किसान है। किसान अपने कर्ज लोन को नया-पुराना कराने के लिए पैक्स के चक्कर लगा रहे हैं। उन्होंने सरकार से नाजायज शर्त को हटाकर किसानों को राहत देने की मांग की है। इस मौके पर सचिव राकेश कुमार सुनारिया, अमरसिंह राजपुरा, राजबीर, गजराज, हरीओम व धर्मपाल उपस्थित थे।

## जेवरात लूटने के मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार




**रेवाड़ी।** कानोड़ गेट चौकी पुलिस ने दुकान से जेवरात लूटने के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मोहल्ला रामसिंहपुरा निवासी सागर व इंद्रा कॉलोनी निवासी विकास उर्फ विक्की के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे हुए 9.67 किलोग्राम चांदी के जेवरात व 12 हजार रुपये बरामद किए है। चौकी इंजार्ज एएसआई पिंटू ने बताया की गांव खोल हाल में मोहल्ला रामसिंहपुरा निवासी योगेश ने अपने मकान में ही ज्वैलर्स की दुकान कर रखी है। 17 जून की रात को मोहल्ला रामसिंहपुरा निवासी सागर व उसका एक साथी उसके मकान में बनी ज्वैलर्स की दुकान में घुस गए। जब उसने आरोपियों को पड़ने की कोशिश की तो वह उसके सिर पर ईंट मारकर भाग गए। पुलिस ने मामले में एक आरोपी मोहल्ला रामसिंहपुरा निवासी दीपक को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने वीरवार को दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## स्वस्थ व संतुलित जीवन के लिए योग का महत्व बताया



**रेवाड़ी।** पंजाबी भवन में शुक्रवार को विश्व योग दिवस मनाया गया, जिसमें 50 से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया। प्रशिक्षक नरेश कालरा ने सभी को योगाभ्यास कराया। उन्होंने स्वस्थ व संतुलित जीवन के लिए योग का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि योग हमें शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक संतुलन प्रदान करता है। हमें इस अनमोल विद्या को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। उन्होंने लोगों से योग को अपने जीवन का नियमित अंग बनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर सुनील अरोड़ा, हितेश गाबा, संजय गेरा, सतीश सैनी, विशाल चक्रवर्ती, सुमन यादव, सुषमा यादव व डा. सुमन सैनी मौजूद थे।

## जीवन में संतुलन और शांति लाने का माध्यम है योग



**रेवाड़ी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सीएमआर ग्रीन टेक्नालॉजी मानेसर की ओर से राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कासन में योग शिविर का आयोजन किया। शिविर में सभी छात्राओं को योग मैट प्रदान किए गए। सभी प्रतिभागियों को योगाभ्यास कराने के साथ योग के महत्व को लेकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में कंपनी के प्लांट हेड बीएस कालवान, स्टाफ सदस्यों, विद्यालय के प्रिंसिपल सतबीर सिंह व योग टीचर भूप सिंह सहित सभी शिक्षक मौजूद थे। इस अवसर पर बीएस कालवान ने कहा कि योग हमारे जीवन में संतुलन और शांति लाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

# आर्ट ऑफ लिविंग ने योग व ध्यान का अभ्यास कराया



रेवाड़ी। योगाभ्यास करते हुए सोयायटी के लोग। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

आर्ट आफ लिविंग संस्था की ओर से गढ़ी बोलनी रोड स्थित सोसायटी में योग दिवस मनाया गया। संस्था के प्रशिक्षक प्रविन कुमार ने सभी को योगा व ध्यान का अभ्यास कराया। संस्था के वरिष्ठ प्रशिक्षक ब्रह्मप्रकाश भारद्वाज ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि योगा हमारे जीवन जीने की शैली है। उन्होंने बताया हर दिन योग, प्राणायाम, ध्यान व सुर्दशन क्रिया का अभ्यास मन में शांति, बुद्धि में तीक्ष्णता, चित की शुद्धि व आत्मबल लाता है। उन्होने बताया कि 25 जून से हैप्पीनैश कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर त्रिलोक चंद शर्मा, कंपनी मैनेजर देवेन्द्र, नरेश, आर्ट ऑफ लिविंग से सुधीर, प्रोमिला, संदीप व लाल किशन सहित अनेक लोग मौजूद थे।

